भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3601**
दिनांक 17.12.2024को उत्तरार्थ

**15वें वित्त आयोग के अनुदान**

3601. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी :

क्या पंचायती राजमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश को ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदानों की पहली किस्त प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश को जारी किए गए प्रयुक्त और अप्रयुक्त अनुदानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) जिला पंचायतों, ब्लॉक पंचायतों और ग्राम पंचायतों से संबंधित आशयित उक्त अनुदानों का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**

**(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) जी हाँ, महोदय। ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुशंसित अनुदान की पहली किश्त आंध्र प्रदेश को जारी कर दी गई है।

(ख) वित्त वर्ष 2024-25के लिए आंध्र प्रदेश को जारी किए गए बद्ध और अबद्ध अनुदानों की पहली किस्त का विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपये करोड़ में)

| वित्त वर्ष | बद्ध अनुदान | अबद्ध अनुदान |
|---|---|---|
| 2024-25 | 593.26 | 395.51 |

(ग) 15वें वित्त आयोग का अनुदान आंध्र प्रदेश राज्य को नीचे दिए गए अनुपात के अनुसार जिला पंचायत, ब्लॉक पंचायत और ग्राम पंचायत को आवंटित करने के लिए जारी किया जाता है:

| पंचायत का स्तर | ग्राम पंचायत | ब्लॉक पंचायत | जिला पंचायत |
|---|---|---|---|
| कुल आवंटन का अनुपात | 70% | 15% | 15% |

*****